प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक: 17.06.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि वित्त वर्ष 2025–26 में भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन अब तक के उच्चतम स्तर पर पंहुच गया है। ये एक लाख 78 हजार करोड़ रुपये हो गया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि पिछले वित्त वर्ष के एक लाख 54 हजार करोड़ रुपये के उत्पादन की तुलना में 15 प्रतिशत से अधिक की प्रभावशाली बढोतरी है। वित्त वर्ष 2020–21 में यह आंकड़ा लगभग 84 हजार करोड़ रुपये था। श्री सिंह ने कहा कि स्वदेशी रक्षा उत्पादन वित्त वर्ष 2013–14 की तुलना में चार गुना बढ़ा है।

0000

राजस्थान पुलिस की इंटेलिजेंस शाखा ने जैसलमेर से सेना और बीएसएफ की गोपनीय जानकारियां लीक करने के आरोप में एक संदिग्ध जासूस को गिरफ्तार किया है। आरोपित की की पहचान नाचना क्षेत्र के हिंगोला गांव निवासी मुश्ताक अली के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी पिछले दो वर्षों से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी–आईएसआई के एजेंटों के संपर्क में था। वह पैसों के लालच में सोशल मीडिया के जरिए सेना और बीएसएफ की गतिविधियों के फोटो और वीडियो सीमा पार भेज रहा था। बहरहाल, गिरफ्तार आरोपी को आज सुबह जयपुर लाया गया है, जहां अब विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों द्वारा उससे गहन पूछताछ की जा रही है।

0000

अमरीका और ईरान के बीच हुए शांति समझौते के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य इस सप्ताह के अंत तक खुल जाएगा। इससे ब्रैंट क्रूड की कीमत पांच दशमलव चार प्रतिशत गिरकर 78 दशमलव 6–6 डॉलर हो गई है। 28 फरवरी को ईरान पर अमरीका और इस्रायल की सैन्य कार्रवाई के बाद दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया था और कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर लगभग 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुँच गई थी।

0000

प्रदेश में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। विभिन्न जिलों में शोभायात्राओं और रैलियों के आयोजन हो रहे है। महाराणा प्रताप की जयंती और हल्दीघाटी के युद्ध की 450वीं वर्षगांठ पर उदयपुर में समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शिरकत कर रहे है। समारोह को संबोधित करते हुए श्री भागवत ने तत्कालीन इतिहासकारों के नैरेटिव का खंडन करते हुए तथ्यों के साथ बताया कि प्रताप के पराक्रम और युद्ध नीति के सामने मुगल सेना को भारी नुकसान उठाकर पीछे हटने और छिपने पर मजबूर होना पड़ा था।

0000

प्रदेश में जनगणना–2027 के पहले चरण में मकान सूचीकरण और मकान गणना का काम निर्धारित समय में पूरा कर लिया गया है। जनगणना निदेशालय के अनुसार, प्रदेश में 1 से 15 मई तक स्वगणना और 16 मई से 14 जून तक घर–घर जाकर आंकड़े जुटाए गए। यह व्यापक अभियान राज्य के 41 जिलों और 10 नगर निगम क्षेत्रों के एक लाख 34 हजार से अधिक ब्लॉकों में चलाया गया। इसमें एक लाख 40 हजार प्रगणकों, 23 हजार पर्यवेक्षकों और अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। इस चरण में मोबाइल ऐप के जरिए मकानों, मूलभूत सुविधाओं और संपत्तियों की जानकारी जुटाई गई, जिसे सीधे केंद्र को भेजा गया है। निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि अभी कोई भी आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया गया है। जनसंख्या की वास्तविक गणना का दूसरा चरण पूरे देश में एक साथ अगले साल फरवरी में शुरू होगा।

0000

आज विश्व मगरमच्छ दिवस है। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण में मगरमच्छों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया जा रहा है। पाली जिले के जवाई और देसूरी क्षेत्र के बांधों में 350 से अधिक मगरमच्छ मौजूद हैं, जो क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ–साथ पर्यावरण का संतुलन भी बनाए रख रहे हैं। जिला वन अधिकारी प्रशांत कस्तूरी ने बताया कि मगरमच्छों को जीवित रहने के लिए स्वच्छ पानी, पर्याप्त आहार और शांत किनारों की आवश्यकता होती है। जवाई बांध में इनकी लगातार बढ़ती संख्या इस बात का सकारात्मक संकेत है कि यहां का वेटलैंड पारिस्थितिक तंत्र पूरी तरह स्वस्थ और इनके अनुकूल है।

0000

आईसीसी महिला टी–20 विश्व कप क्रिकेट में आज भारत का सामना नीदरलैंड्स से होगा। यह मैच ब्रिटेन में लीड्स में, भारतीय समय के अनुसार शाम सात बजे से होगा। भारत ने अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 64 रन से हराया था।

0000

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत प्रदेश में आगामी 28 जून रविवार को बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। अभियान की तैयारियों को लेकर कल राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की स्टेट टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। मिशन के निदेशक डॉ. जोगाराम ने सभी संबंधित विभागों को आपसी तालमेल के साथ काम करने को कहा। उन्होंने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए लोगों को जागरूक करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि एक भी बच्चा दवा पीने से नहीं छूटे।

00000